कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा/माध्य/सीएसआर/61018/ विविध /2019-20 /26 दिनांक – 17/09/2020

संयुक्त निदेशक,
स्कूल शिक्षा,
समस्त मण्डल।

विषय :– राजकीय विद्यालयों के कक्षा 10 व 12 के मेधावी छात्रों को भामाशाह/ सीएसआर गतिविधियों के माध्यम से सहयोग/गोद दिलवाने बाबत्।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि सत्र 2019–20 में राजकीय विद्यालयों के कक्षा 10 व 12 उत्तीर्ण विद्यार्थियों में से आर्थिक रूप से पिछड़े मेधावी विद्यार्थियों को उनकी योग्यता के अनुसार आगामी अध्ययन में सहयोग करने के उद्देश्य से ''Adopt A Student'' का प्रारम्भ पायलट प्रोजेक्ट रूप किया जाना है। इस योजनान्तर्गत राज्य के राजकीय विद्यालयों से सत्र 2019–20 में कक्षा 10 व 12 के प्रतिभावान छात्र–छात्राओं को भामाशाह/दानदाता/सीएसआर कम्पनियों से जोड़ा जाना है। अत :–

01. विद्यार्थी द्वारा राजकीय विद्यालय से सत्र 2019–20 में कक्षा 10 व 12 उत्तीर्ण की हो।
02. ऐसे विद्यार्थी जिनके अभिभावक आर्थिक रूप से सक्षम नहीं हो एवं सत्र 2019–20 में कक्षा 10 व 12 कम से कम 80 प्रतिशत प्राप्तांक प्राप्त किए हो।

उपरोक्त शर्तो के आधार पर चयनित विद्यार्थी की सूचना ''प्रपत्र–अ'' में संबंधित संस्था प्रधान से भरवाकर प्रमाणित प्रति आप द्वारा संकलित की जानी है। तदोपरान्त उक्त प्रपत्र–अ की सूचना को संलग्न प्रपत्र–ब में संकलित करते हुए एक्सल शीट में तैयार कर प्रमाणित प्रति कार्यालय को 10 दिवस में उपलब्ध करवाया जाना सुनिश्चित करावें। साथ ही प्रपत्र–ब की सॉफ्ट कॉपी कार्यालय की Email ID : off.csr.dse@rajasthan.gov.in पर भी उपलब्ध करावें।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार।

(सौरभ स्वामी)
IAS
निदेशक,
माध्यमिक शिक्षा,
राजस्थान, बीकानेर

Anx. - A

MERITORIOUS AND NEEDY STUDENTS INFO SESSION- 2019-20

NAME:- FATHER NAME:- MOTHER NAME:- CONTACT NO.:- ADDRESS:- SCHOOL NAME:-	COLOUR PASSPORT SIZE PHOTO CLASS:- DOB:- PERCENTAGE:-
DESCRIBE STUDENT'S FUTURE AIM	
FAMILY BACKGROUND DESCRIPTION	

NOTE :- Kindly send the required information of class 10th and 12th students. Description should be in 50 to 100 words and principal must verify student details with seal and signature.

संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, मण्डल ....

Anx. - B

Sr. No.	District	SCHOOL NAME	CLASS	STUDENT NAME	DATE OF BIRTH	ADDRESS	PERCENTAGE	MOTHER NAME	FATHER NAME	CONTACT NO	OCCUPATION